कार्यालय जिला कलक्टर, भरतपुर

अपील / आरटीआई /36/ 2023

श्री राहुल कुमार पुत्र सतीश सिंह, कांशीराम कॉलोनी, थाना शाहाबाद जिला हरदोई यू0पी0

......अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, मैसर्स विंध्याचल स्टोन एण्ड माईन्स प्रा0लि0 गांव नागल, तहसील पहाडी जिला भरतपुर

...रेस्पो0

अपील अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

आदेश दिनांक 18.7.2023

अपीलार्थी श्री राहुल कुमार पुत्र सतीश सिंह, कांशीराम कॉलोनी, थाना शाहाबाद जिला हरदोई यू0पी0 की यह अपील सूचना का अधिकार का अधिनियम के तहत इस आशय की प्राप्त हुई है कि अपीलार्थी ने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 15–3–2023 के द्वारा रेस्पो0 मैसर्स विंध्याचल स्टोन एण्ड माईन्स प्रा0लि0 गांव नागल, तहसील पहाडी जिला भरतपुर से सूचना मांगी गई थी। रेस्पो0 द्वारा प्रार्थी को सूचना उपलब्ध नही कराये जाने के कारण यह अपील प्रस्तुत की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। पत्रावली का अवलोकन किया गया। अपीलार्थी/प्रार्थी ने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 15.3.23 के द्वारा रेस्पो. मैसर्स विंध्याचल स्टोन एण्ड माईन्स प्रा0लि0 गांव नागल, तहसील पहाडी जिला भरतपुर से दो बिन्दुओं पर सूचना मांगी गई थी। अपीलार्थी का अपील में यह भी कथन है कि लोक सूचना अधिकारी सम्बन्धित कम्पनी से सूचना उपलब्ध कराये जाने के आदेश दिये जावें। चूंकि रेस्पो. एक प्राईवेट संस्था है अतः विचारधीन प्रकरण में प्रथमतः यह तैय किया जाना है कि क्या रेस्पो लोक सूचना अधिकारी की परिभाषा में आता है या नहीं ?

इस सम्बन्ध में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 का अवलोकन किया गया। सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 भारत के नागरिक को लोक प्राधिकरण से सूचना प्राप्त करने के लिये अधिकृत करता है। लोक प्राधिकरण को निम्न रुप से परिभाषित किया गया हैः–

........2

जिला कलक्टर
भरतपुर

1

(2) अपील/आरटीआई/ /2023
राहुल कुमार बनाम मै0विंध्याचल स्टोन माईन्स

अध्याय 1, (प्रारम्भिक) के 2(h) "Public authority" means any authority or body or institution of self government estblished or constitued-
(a)by or under the Constitution
(b)by any other law made by Parliament
(c)by any other law made by State Legislaure
(d)by notification issued or order made by the appropriate Government, and includes any-
(i) body owned, controlled or substantially finaced,
(ii) Non-Government organization substantially financed,directly or indirectly by funds provided by the appropriate Government.

उपरोक्त प्रावधानों के अवलोकन से यह स्पष्ट होता है कि रेस्पो0 मैसर्स विंध्याचल स्टोन एण्ड माईन्स प्रा0लि0 गांव नागल, तहसील पहाडी जिला भरतपुर प्राईवेट संस्था है जो लोक प्राधिकरण की परिभाषा में नहीं आती है। अतः उपरोक्त विवेचनानुसार अपील खारिज की जाती है। आदेश की प्रति अपीलान्ट को प्रेषित हो। इस आदेश से सन्तुष्ट ना होने पर अपील राजस्थान सूचना आयोग,जवाहर लाल नेहरु मार्ग जयपुर में की जा सकती है।

(लोक बंधु)
जिला कलक्टर,
भरतपुर